यूपीसीडा ने एक दिन में 122 उद्योगों के लिए दी जमीन

13 जिलों में होगा 4000 करोड़ का निवेश

लखनऊ। यूपी को दस खरब डालर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यूपीसीडा ने औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर काम तेज कर दिया है।

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने सोमवार को ई-नीलामी में गाजियाबाद समेत 13 जिलों में 122 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया। यह 101 एकड़ से अधिक है। आवंटन के उपरांत विभिन्न जिलों में लगभग 4000 करोड़ का निवेश होगा। इससे विभिन्न जिलों में रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा होंगे।

101
एकड़ से ज्यादा जमीन औद्योगिक भूखंडों की

मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला उद्यमियो को बढ़ावा देने के लिए यूपीसीडा ने 10 भूखंडों का आवंटन महिलाओं के पक्ष में किया गया है। यूपीसीडा द्वारा आवंटित इन भूखंडों पर इन महिला उद्मियों द्वारा स्टील फैब्रिकेशन, गारमेंट एक्सेसरिज, प्लास्टिक आइटम्स के उद्योग लगाए जाएंगे। ब्यूरो